झारखण्ड लोक सेवा आयोग
सर्कुलर रोड, रांची–834001

## प्रेस विज्ञप्ति

**खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा, विज्ञापन सं0–01/2016 के संबंध में आवश्यक सूचना।**

खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा, **(विज्ञापन सं0–01/2016)** राँची जिला मुख्यालय के 07 परीक्षा केन्द्रों पर दिनांक–**11.03.2018 को** आयोजित की गई है।

2. उक्त परीक्षा में **सम्मिलित आरक्षित कोटि के अभ्यर्थियों** को निदेश दिया जाता है कि दिनांक–**12.04.2018** से दिनांक–**27.04.2018** तक विज्ञापन संख्या–**01/2016** के आलोक में **ऑनलाइन आवेदन में किए गए प्रविष्टि एवं दावे के अनुरूप** BC-I, BC-II, SC एवं ST कोटि के जाति **प्रमाण पत्र (विहित प्रपत्र में) की स्वअभिप्रमाणित प्रति** आयोग कार्यालय में हाथों हाथ/निबंधित डाक/ स्पीड पोस्ट के माध्यम से **"परीक्षा नियंत्रक, झारखण्ड लोक सेवा आयोग, सर्कुलर रोड, राँची–834001"** के पते पर निर्धारित तिथि तक अनिवार्य रूप से भेजना सुनिश्चित करेंगे। लिफाफे के उपर अभ्यर्थी अपना **नाम, रजिस्ट्रेशन नम्बर, रौल नम्बर, आरक्षण कोटि तथा परीक्षा का नाम– "खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी नियुक्ति परीक्षा, विज्ञापन संख्या–01/2016"** मोटे (**Bold**) अक्षरों में अनिवार्य रूप से अंकित करेंगे।

3. निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होनेवाले जाति प्रमाण पत्रों (ऑनलाईन आवेदन में प्रविष्ट) को अस्वीकार कर दिया जाएगा एवं तदनुसार अभ्यर्थिता अंतिम रूप से सुनिश्चित की जाएगी फलस्वरूप इसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेवार होंगे। ऑनलाईन आवेदन में प्रविष्ट जाति प्रमाण पत्र से अलग जाति प्रमाण पत्र अस्वीकार किए जायेंगे।

यह प्रेस विज्ञप्ति आयोग के वेबसाइट **www.jpsc.gov.in** पर भी उपलब्ध है।

ह0/–
सचिव,
झारखण्ड लोक सेवा आयोग,राँची।